सुविचार धैर्य सफलता का महत्वपुर्ण तत्व है ।

डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ अंक - १७ सोमवार – ०७/१०/२०२४ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### पर्यटन का प्रदेश मध्यप्रदेश

*भारत के इतिहास में विभिन्न देशों की खोज, वास्तुकला, तकनीक, साहित्य और कृषि आदि क्षेत्रों में वैचारिक आदान–प्रदान का केंद्र बिंदु पर्यटन भी रहा है। पर्यटन ने वैश्विक शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई निभाई है। पर्यटन लोगों को विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं से रूबरू कराता है, जिससे सहिष्णुता और समझदारी बढ़ती है। जब लोग एक–दूसरे के जीवन और रीति–रिवाजों को समझते हैं, तो उनके बीच संघर्ष की संभावना कम हो जाती है। पर्यटन के माध्यम से लोग एक–दूसरे के करीब आते हैं और सांस्कृतिक आदान–प्रदान होता है, जिससे वैश्विक समुदाय का निर्माण होता है, जो अंततः वैश्विक शांति को बढ़ावा देता है।*

*हर साल 27 सितंबर को मनाये जाने वाले विश्व पर्यटन दिवस,मनाया जाता है, का उद्देश्य पर्यटन के महत्व और उसकी सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक भूमिका को पहचानना है। वर्ष 2024 की थीम पर्यटन और शांति एक अत्यंत महत्वपूर्ण विचारधारा को दर्शाती है, जिसमें पर्यटन को शांति और सद्भाव का एक माध्यम माना गया है। पर्यटन वैश्विक स्तर पर शांतिपूर्ण संवाद के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है। जब लोग विभिन्न देशों और संस्कृतियों के लोगों के साथ संपर्क में आते हैं, तो यह समावेशिता और सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करता है। इसके साथ ही, जब पर्यटन एक क्षेत्र में बढ़ता है, तो स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं और उनका जीवन स्तर सुधरता है, जिससे संघर्ष और असमानता कम होती है। यह संपूर्ण प्रक्रिया अंततः शांति और समृद्धि को बढ़ावा देती है।*

*अतुल्य भारत का हृदय मध्यप्रदेश एक बहुविध गंतव्य होने के साथ–साथ नैसर्गिक समृद्ध वन्य जीवन, प्राचीन समृद्ध विरासत, विविध जीवंत संस्कृति का प्रदेश है। लगभग 112.1 मिलियन पर्यटक आगमन के साथ वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश ने एक नया पर्यटन रिकॉर्ड स्थापित किया है जो वर्ष 2022 में 34.1 मिलियन आगंतुकों की संख्या से तीन गुना है। भारत में सबसे ज़्यादा 785 बाघों के साथ मध्यप्रदेश देश का चीता, घड़ियाल, तेंदुआ और गिद्ध की अधिक संख्या वाला प्रदेश भी है। मध्यप्रदेश 12 राष्ट्रीय उद्यानों का घर है जो प्राकृतिक लुभावने परिदृश्य और विविध वन्यजीव के लिए जाने जाते है। इसके अलावा मध्ध्यप्रदेश में 50 से अधिक अभ्ध्यारण्ध्य और प्राकृतिक दृष्टि से रमणीय स्ध्थल विद्यमान हैं।*

## चिताखेडा बैंक लुट : 250 लोगो से पुछताछ 400 किलोमीटर तक के कैमरे खंगाले फिर धराये चिताखेडा बैंक लुट के आरोपी !

*आरोपी – रघु उर्फ रघुराज गुर्जर उम्र २२ साल निवासी गुर्जर आरोपी – रूपेन्द्र सिंह गुर्जर उम्र २० साल निवासी गंगापुर सिटी*

*नीमच के चिताखेडा मे बैंक लुट के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया लुट के दोनो आरोपीयो को पुलिस की 10 विशेष टीमो ने 400 किलोमीटर के दायरे के सीसीटीवी व 250 लोगो से पुछताछ , खुफिया तंत्र मजबुत कर बैंक लुट के मास्टर माईड दो शातिर बदमाशा को धरा इनमे से एक पर पुर्व में बैंक लुट के 07 प्रकरण दर्ज है ।*




*ग्राम चिताखेड़ा में दिनांक 18.09. 2024 को दिन दहाड़ें म.प्र.ग्रामीण बैंक की शाखा में हथियारों के बल पर लूट की गंभीर वारदात को ध्यान में रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन द्वारा रूपयें 30,000/– का था ईनाम घोषित। – घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा आरोपियों की पतारसी एवं धरपकड़ हेतु स्वयं एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया के निर्देशन में 10 विशेष पुलिस टीमों का गठन थाना प्रभारी जीरन निरीक्षक मनोज सिंह जादौन, उप निरीक्षक मंगल सिंह राठौर थाना नीमच सिटी, सउनि गोपाल तनान, प्रभारी सायबर सेल प्रदीप शिन्दें, सउनि कप्तान सिंह, चौकी प्रभारी नयागांव सउनि रामपाल सिंह, सउनि कप्तान सिंह, उनि आर. के.सिंगावत, सउनि विरेन्द्र सिंह बिसेन, सउनि भेरूसिंह शक्तावत के नेतृत्व में किया गया। पुलिस टीमों को एस.पी. श्री अंकित जायसवाल द्वारा अलग अलग टास्क दिये जाकर उनकी स्वंय मानिटरींग की गयी।उक्त सनसनीखेज एवं गंभीर घटना के खुलासे के लिये अलग अलग टीमों द्वारा वारदातों के समस्त संभावित पहलुओं पर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण किया गया। पूर्व में हुयी घटनाओं का विश्लेषण किया गया। बैंक के आस पास के सभी सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर प्राप्त फुटेज का विश्लेषण कर कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए विषेष पुलिस टीमों के सदस्यों द्वारा मध्यप्रदेश एवं राजस्थान में लगभग 400 किलोमीटर तक के टोल नाकों एवं अन्य स्थानों के सीसीटीवी कैमरों का विष्लेषण किया गया। सीसीटीवी कैमरो तथा अन्य उन्नत तकनीकी संसाधनों एवं आसूचना तंत्र से प्राप्त इनपुट का सुक्ष्म विश्लेषण किया गया। बैंक लूट की घटना में उपयोग की गई हिरो स्पलेन्डर गाड़ी के संबंध में नीमच, चित्तौड़गढ़ एवं कोटा आरटीओं से उक्त वाहन के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।बैंक लूट की घटना के खुलासें को लेकर पुलिस टीमों द्वारा आसपास के जिला में इस प्रकार की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों की धरपकड़ कसाथ साथ उक्त स्थानों में जेला में इस प्रकार की वारदात करने वाले पूर्व से बंद अपराधियों से भी जेलों में जाकर आरोपियों की पहचान करवाई गई।घटना के खुलासें के लेकर अपराधियों के ठिकानों पर दबिशें दी गइ और इस दौरान कई ईनामी आरोपियों एवं वांरटियों को पकड़कर जेल भेजा गया। जिलें में कॉम्बिंग गश्त करवाई जाकरइस प्रकार की वारदातों में शामिल निगरानीशुदा बदमाशों को चेक किया जाने के साथ ही इस प्रकार की वारदातों में जेल से छुटे आरोपियों को चेक किया गया। सीसीटीवी कैमरो तथा अन्य उन्नत तकनीकी संसाधनों एवं मुखबिर तंत्र से प्राप्त इनपुट के सुक्ष्म विश्लेषण उपरांत जिला नीमच के पुलिस थाना जीरन अन्तर्गत ग्राम चिताखेड़ा के बैंक में हुई लूट की वारदात को राजस्थान के सवाई माधोपुर जिलें के ग्राम गुर्जर बडोदा के रघु उर्फ रघुराज गुर्जर द्वारा अपने साथी के साथ उक्त घटना को अंजाम दिया जाने संबंधी तथ्य प्राप्त हुए।*

*चना पर से पुलिस टीमों द्वारा तत्काल उक्त दिशा की तरफ मूव करते हुए हिंडोन सिटी सराफा बाजार से रघु उर्फ रघुराज को पकड़कर ग्राम चिताखेड़ा बैंक लूट वारदात में शामिल अन्य सदस्य के बारें में पूछताछ करते रूपेन्द्र सिह गुर्जर निवासी गंगापुर सिटी का होना बताया जाने पर पुलिस टीमों द्वारा गंगापुर सिटी स्थित नसिया कालोनी से रूपेन्द्र सिह गुर्जर को पकड़ा गया लिस टीमों द्वारा पकड़ें गये दोनो आरोपियों से पूछताछ के दौरान दोनो आरोपियों द्वारा दिनांक 18.09.2024 को ग्राम चिताखेड़ा स्थित म.प्र.ग्रामीण बैंक में लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त देशी कट्टें एवं पिस्टल को रास्तें में छुपानें संबंधी जानकारी प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से पूछताछ करने पर देशी कट्टें एवं पिस्टल को आरोपी की निशादेही से बरामद किया गया।पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल एवं घटना कारित करने में उपयोग किये गये रास्ते की एवं देशी कट्टें एवं पिस्टल की बरामदगी से वापस आने के दौरान आरोपी रघु उर्फ रघुराज गुर्जर द्वारा भागने का प्रयास किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा अथक मेहनत एवं घेराबंदी कर पकड़ा गया। रघु उर्फ रघुराज गुर्जर द्वारा भागने के प्रयास के दौरान गड्डें में गिरने के दौरान पत्थर से टकराकर पैर में चोट आ गई।*

## हिन्दुओं को एकजुट रहना होगा - मोहन भागवत

*भारत हिन्दु राष्ट्र , मतभेदो को भुलाना होगा।*

*उन्होंने कहा– हिंदू समाज मतभेद और विवाद मिटाकर एक साथ आएं। संघ प्रमुख शनिवार शाम को राजस्थान के बारां में स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे।*

*शनिवार को ही मोदी ने महाराष्ट्र में कहा था– हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे, जश्न मनाएंगे। अगस्त में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था– हम बंटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे–नेक रहेंगे।*

*भागवत बोले– भाषा, जाति और प्रांत का भेद मिटाना जरूरी*

*भागवत ने कहा– हिंदू समाज को भाषा, जाति और प्रांत के मतभेद और विवाद मिटाकर अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। समाज ऐसा हो जहां संगठन, सद्भावना और आत्मीयता का व्यवहार हो। समाज में आचरण का अनुशासन, राज्य के प्रति कर्तव्य और ध्येय निष्ठ होने का गुण आवश्यक है। मैं और मेरा परिवार मात्र से समाज नहीं बनता, बल्कि हमें समाज की सर्वांगीण चिंता से अपने जीवन में भगवान को प्राप्त करना है*

## पंजाब में आप उम्मीद्ववार की गोली मार कर हत्या ,अकाली दल पर आरोप ।

*आप विधायक का आरोप अकाली दल नैताओ से कहासुनि हुई थी*



*पंजाब में पंचायत चुनाव के बीच फाजिल्का के जलालाबाद में शनिवार देर शाम को फायरिंग की वारदात सामने आई है। यहां के ब्लॉक डेवलपमेंट एंड पंचायत ऑफिसर के दफ्तर मे आम आदमी पार्टी और शिरोमणि अकाली दल के वर्करों के बीच कहासुनी हुई।*

*इसके बाद बात इतनी बढ़ गई कि मौके पर गोलियां चल गईं। इस दौरान के सरपंच उम्मीदवार के सीने पर गोली लगी। उसे सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार देकर रेफर किया गया है। कैंडिडेट की हालत नाजुक बताई जा रही है। नेताओं का आरोप है कि नेताओं ने उम्मीदवार को गोली मारी है।*

## हरियाणा में बीजेपी कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

*मतदान के दिन बुथ पर बैठना बताया जा रहा प्ररंभीक कारण*



*हरियाणा में पब वर्कर को गोली मारीरूबाइक पर आए हमलावर, पहले बहस की, फिर पिस्टल निकाल चला दी; कैंडिडेट पता लेने पहुंचे हरियाणा के फरीदाबाद में शनिवार को बाइक सवार युवकों ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को गोली मारी। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता की पहचान रजनीश (30) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मतदान के दौरान वह बूथ से 50 मीटर दूर टेबल लगाकर बैठा था। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर 2 लड़के आए, पहले तो उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता से बहस की। इसके बाद उन्होंने अचानक पिस्टल निकाल ली। भाजपा कार्यकर्ता को कमर के पास गोली लगी। फिलहाल युवक की तबीयत ठीक बताई जा रही है। शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बाइक सवार आरोपियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।*

## बंगाल में 10 साल की बच्ची से रेप

*साउथ 24 परगना जिले के जयनगर में बच्ची का शव मिलने के बाद लोगों ने पुलिस चौकी पर आगजनी और तोड़फोड़ की।*

*पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना के जयनगर में 10 साल की बच्ची की मौत मामले में परिवार ने कई दावे किए हैं। बच्ची की चाची ने न्यूज एजेंसी एनआई को बताया कि उसके शरीर पर कई चोटें थीं। हाथ–पैर टूटे हुए थे। परिवार ने पुलिस पर मामले को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगाया।*

*चाची ने बताया कि बच्ची 4 अक्टूबर को ट्यूशन गई थी। वापस लौटते समय लापता हो गई। उसके पिता ने बच्ची को हर जगह ढूंढने की कोशिश की लेकिन जब वह उसे नहीं ढूंढ पाए तो महिस्मारी पुलिस चौकी गए। हालांकि, वहां पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनी और जयनगर थाने जाने को कहा।*




डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



# प्रभारी मंत्री का नीमच दौरा

## नीमच मे नवीन एकलव्य स्कूल खोलने के प्रयास करेंगें।

नीमच 30 सितम्बर 2024, नीमच जिले में निवासरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र–छात्राओं की सुविधा के लिए जिला मुख्यालय पर एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रारंभ करने का शासन स्तर पर प्रयास किया जावेगा। साथ ही जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तर पर छात्रावास भी खोलने का प्रयास करेंगे। यह बात प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने सोमवार को नीमच के शबरी धाम पर माँ शबरी के मंदिर में दर्शन करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार, श्री अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिह चौहान, भी उपस्थित थे।प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा, कि नीमच जिले के भादवामाता में काफी अच्छा विकास कार्य हुआ है। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा, कि एकलव्य स्कूल खोलने के केंद्र सरकार के नार्मस शिथिल कर, नीमच में नवीन एकलव्य स्कूल खोलने के केंद्र व राज्य स्तर पर प्रयास करेंगे। उन्होने कहा, कि जनजाति वर्ग के प्रतिनिधियों व्दारा दिए गए मांग पत्रों पर भी प्राथमिकता से कार्यवाही की जावेगी। प्रभारी मंत्री ने इस मौके पर एकता कॉलोनी के डांसर उदय भील एवं जनजाति वर्ग की बालिकाओं से भेंट कर, उनकी नृत्य प्रतिभा की सराहना भी की। जनपद सदस्य श्री रतनलाल मालावत ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रभारी मंत्री को जनजाति समुदाय की जिले से संबंधित विभिन्न मांगों से अवगत कराया।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में नीमच में जिला योजना समिति की बैठक सम्पन्न

नीमच 30 सितम्बर 2024, शासन व्दारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओंका जमीनी स्तर पर पूरी पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में समय–समय पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराते रहे। यह बात महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा नीमच जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला योजना समिति की बैठक में कृषि, उद्यानिकी, एवं स्वास्थ्य विभागकी समीक्षा के दौरान जिला अधिकारियों से कही। बैठक में सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार, विधायक मनासा श्री अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिह चौहान, विधायक जावद प्रतिनिधि श्री सचिन गोखरू, श्री पवन पाटीदार, एवं जिला योजना समिति के सदस्यगण, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवालएवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# नमो ड्रौन दीदी के तहत ड्रोना दीदीयों को प्रदान किया । कृषि वैज्ञानिकों की संयुक्त परिचर्चा आयोजित की गई थी,



नीमच 30 सितम्बर 2024, प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने सोमवार को कलेक्टोरेट नीमच में आयोजित एक कार्यक्रम में नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत 10 लाख की लागत का नवीन ड्रोन, ड्रोन पायलट दीदीयों को प्रदान किया। साथ ही 5 स्व–सहायता समूह की महिलाओं को 88 लाख रूपये और 192 स्वसहायता समूहों को 38.40 लाख रूपये की राशि के चेक भी वितरित किए।

इस मौके पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार, विधायक मनासा श्री अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिह चौहान, श्री पवन पाटीदार, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एसपी श्री अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, व समूह की महिलाएं भी उपस्थित थे।

# राजस्व अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर अतिक्रमण हटवाएं-श्री चंद्रा



नीमच01 अक्टूबर2024, जिले के सभी राजस्व अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें, राजस्व अधिकारी स्वयं राजस्व अमले के साथ मौके पर जाकर, अतिक्रमण से संबंधित शिकायतों का निराकरण करें और मौके से अतिक्रमण हटवाएं। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में राजस्व अधिकारियों की बैठक में विभागीय समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, सभी डिप्टी कलेक्टर, सभी एसडीएम एवं तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

बैठक में भू–राजस्व की विभिन्न मदों में बकाया वसूली की प्रगति की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि सभी राजस्व अधिकारी इस माह अंत तक निर्धारित लक्ष्य का 40 प्रतिशत से अधिक भू–राजस्व की वसूली सुनिश्चित करें। वसूली के लिए शिविर आयोजित करें और नोटिस जारी कर, शिविर में ही वसूली करवाएं। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को न्यायालयीन प्रकरणों में समय–सीमा में जवाब दावा, प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उहोने पूजारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने और पूजारियों का समय पर मानदेय भुगतान करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को कोटवार नियुक्ति के लिए रिक्त पदों की पूर्ति करनें और कोटवारों के नये पदों के सृजन के लिए प्रस्ता तैयार कर भिजवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को अपने साथी पुलिस अधिकारियो के साथ अपने–अपने क्षेत्रों का सतत भ्रमण करने और कानून व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने, साथ ही अपने सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने आदेशों का अनुपालन, प्रतिवेदन प्रस्तुत करने, समग्र खसरा, ई–केवायसी कार्य पूर्ण करने, नामांतरण प्रकरणों का 90 प्रतिशत से अधिक निराकरण करने, स्वामित्व योजना में ग्राउण्ड ट्रूथिंग का शेष कार्य पूर्ण करने, पीएम किसान सम्मान निधि के ईकेवायसी एवं आधार से बैंक खाता लिंक करवाने के लिए कार्य को पूरा करवाने के निर्देश दिए।

# ग्वालटोल के युवक ने लगाई फाँसी तीन लोगो पर प्रताडना का आरोप ।



नीमच के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्वालटोली में मंगलवार शाम एक 18 वर्षीय युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृत युवक ने आत्महत्या से पहले एक सुसाइड नोट लिखा। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। सुसाइड नोट में तीन लोगों पर प्रताड़ना और पैसे मांगने का आरोप लगाया है। बुधवार को जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। लेकिन युवक के परिजनों ने पोस्टमॉर्टम के बाद हंगामा कर दिया।मृत युवक राज पिता मुकेश उम्र करीब 18 वर्ष जाति ग्वाला निवासी ग्वालटोली का रहने वाला था। मंगलवार शाम को जब घर परकोई मौजूद नहीं था तब उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिजनों को तब हुई जब वे काम से घर लौटे। युवक को लटका देख उसे तत्काल जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक से मिले सुसाइड नोट में युवक ने दो महिलाओं और एक पुरुष पर पैसे मांगे और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उसने लिखा कि आरोपी उससे रोजना 500 रुपए लेते थे। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि किस बात के लिए पैसे मांग रहे थे। बुधवार को मृतक के शव का नीमच जिला चिकित्सालय में पोस्टमॉर्टम किया गया।

# भारत विश्व गुरु के रूप में शिक्षक परंपरा को स्थापित करना चाहता है , मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुरुकुल परंपरा हमारे देश की शिक्षा का आधार रही है। शिक्षक हमेशा पूज्य थे और पूज्य रहेंगे। भारत विश्व गुरु के रूप में उस शिक्षक परंपरा को स्थापित करना चाहता है, जो गुरुकुल परंपरा चाणक्य से चंद्रगुप्त तक और चंद्रगुप्त से विक्रमादित्य तक हर जगह, हर समय, हर काल में कायम रही है। मुख्यमंत्री रविवार को रवीन्द्र भवन सभागार में शिक्षा भूषण अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्री सुरेश सोनी, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह, राज्यसभा सदस्य स्वामी उमेश नाथ जी महाराज कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे।

# प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के बाद हंगामा-नीमच-सिंगोली मार्ग पर लोगों ने किया चक्काजाम, अधिकारियों की समझाइश के बाद माने

नीमच के सिटी थाना क्षेत्र में मंशापूर्ण बालाजी मंदिर पर शुक्रवार को बालाजी की प्रतिमा सिरफिरे युवक ने क्षतिग्रस्त कर दी। इसके बाद गांव वालों ने युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। शनिवार को इसी मामले में लोगों ने नीमच–सिंगोली मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। सूचना पर सिटी थाना प्रभारी विकास पटेल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को समझाइश देकर जाम खुलावाया।शनिवार को गांव वालों ने चक्का जाम कर दिया ग्रामीणों का कहना है कि नीमच–सिंगोली मार्ग पर मालखेड़ा और नेवड के बीच चौथामल चौराहे पर स्थित श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर पर युवक ने बालाजी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी थी।

ग्रामीणों को गलतफहमी हो गई थी कि पुलिस ने आरोपी छोड़ दिया है। सूचना पुलिस मौके पर पहुंची। समझाइश के बाद ग्रामीण मान गए। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जावद में 860 किलो डोडाचुरा जब्त, पिकअप से जोधपुर जा रहा था, आरोपी गिरफ्तार

जावद के ग्रामीण क्षेत्र से मादक पदार्थ डोडा चूरा भरकर राजस्थान लेकर जा रहे एक आरोपी को मादक पदार्थ के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं एक आरोपी पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही। वहीं आरोपी डोडा चौराहा किससे खरीद कर लाए थे। इस मामले में भी पुलिस की पूछताछ जारी है। शनिवार दोपहर थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस कासूचना मिली थी कि एक व्यक्ति जावी, लासुर नेवड, पालराखेडा महेश पुरियां, मोरका, कुण्डला, खोर होते हुए राजस्थान जोधपुर तरफ महिन्द्रा बोलेरो पिकअप (आरजे 24 जीवी 0445) में अवैध डोडाचुरा मादक पदार्थ भर कर जाने वाला है। सूचना पर जावद के सुवाखेड़ा कुण्डला रोड, बालाजी के पास घेरा बंदी कर उक्त बताये अनुसार महिन्द्रा बोलेरो पिकअप को चौक किया गया। उसमें 860 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा पाया गया। जिसे मौके पर जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# अवैध रूप से मछली पकड़ने वाले पर कार्रवाई, दुकान जमींदोज की

नगर के रामपुरिया तालाब में लंबे समय से बिना पट्टे के अवैध रूप से मछली पकड़ी जा रही थी। इस पर परिषद ने एक्शन लेते हुए नाव और फ्रीज जब्त किया। वहीं जेसीबी से मछली बेचने के लिए बनाई दुकान को भी जमींदोज कर दिया। कार्रवाई के दौरान मछली पकड़ने वाला मौके पर मौजूद नहीं था।

नगरीय निकाय क्षेत्र के रामपुरिया तालाब में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाले के खिलाफ सीएमओ रितेश पाटीदार शाम 5 बजे 8 सदस्यीय अमले के साथ जेसीबी लेकर पहुंचे और कार्रवाई शुरू की। बता दें कि परिषद ने दशहरा मैदान के पास तालाब होने और इसे पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने एवं धार्मिक आयोजन होने के कारण मछली नही पकड़ने का प्रस्ताव बैठक में पास किया था। किसी को भी पट्टा जारी नहीं करने का निर्णय लिया था। इसके बाद भी मछली पकड़ने का काम किया जा रहा था। परिषद राजस्व की वसूली भी करेगी। पालना तलाई में भी अवैध मछली पकड़ने की खबर रामपुरिया तालाब के अलावा नए बायपास के समीप पालना तलाई में भी अवैध रूप से मछली पकड़ने का काम हो रहा है। इसकी शिकायत भी परिषद को मिली है।

खबरों के लिए लॉगिंग करे !

https://sbpatra.in/

# वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती पर कार्यक्रम , सीएम मोहन यादव ने वीरता की प्रतिक बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती का दिन शौर्य और बलिदान के स्मरण, नारी सशक्तिकरण एवं सम्मान का दिन है। रानी दुर्गावती अदम्य साहस और वीरता की प्रतीक थीं। उनके जीवित रहते कभी भी मुगल, पठान, सुल्तान या अन्य कोई भी आक्रांता गोंडवाना की तरफ आँख उठाकर नहीं देख सका। रानी दुर्गावती ने अंतिम श्वांस तक अपने राज्य को आक्रांताओं से सुरक्षित रखा और उसकी सुरक्षा करते हुए हंसते–हंसते प्राणोत्सर्ग कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके शौर्य और बलिदान को पुनरू स्मरण करने के लिये सिंग्रामपुर में जनजातीय क्षेत्रों में विकास की नई इबारत लिखने के लिये केबिनेट करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मुझे बेहद प्रसन्नता है कि वीरांगना रानी दुर्गावती की पहली राजधानी से आज लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना में हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लिक से 1934 करोड़ 71 लाख रुपये की राशि अंतरित की गई है। साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड योजना का शुभारंभ और क्षेत्र के विकास के लिये 5 करोड़ 47 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि–पूजन किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को दमोह जिले के ग्राम सिंग्रामपुर में महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, श्री राजेन्द्र शुक्ल सहित मंत्रि–परिषद के सभी सदस्य मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी सम्मान सर्वोपरि है। सभी वर्ग की महिलाओं के लिये अनेक हितग्राही और स्व–रोजगार मूलक योजनाएँ प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024–25 में लाड़ली बहना योजना में 18 हजार 984 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि सिर्फ दमोह जिले में ही ढाई लाख लाड़ली बहनों को योजना का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बहनों को लखपति बनाने की योजना लागू की है। प्रधानमंत्री ने 'एक देश–एक चुनाव' की घोषणा की है। अब लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इस व्यवस्था से बहनों के महत्व का एहसास होगा। हमारी बहनें सत्ता के साथ सुव्यवस्था और विकास लायेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिये आज से नवरात्रि तक विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी, जिसमें मॉर्शल ऑर्ट, सायबर टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण भी शामिल है। इन गतिविधियों से नारी को आत्म–निर्भर और जागरूक बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुंदेलखण्ड क्षेत्र के किसानों के लिये प्रधानमंत्री श्री मोदी ने केन–बेतवा परियोजना की बड़ी सौगात दी है। आने वाले समय में पूरे क्षेत्र के किसानों के खेतों में पानी पहुँचेगा और अच्छी फसल होगी। यह क्षेत्र कृषि उत्पादन में पंजाब और हरियाणा को भी पीछे छोड़ेगा। मुख्यमंत्री ने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी कृषि भूमि किसी भी स्थिति में न बेचें। केन–बेतवा नदी परियोजना से आने वाला समय किसानों के लिये स्वर्णिम होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को जीरो प्रतिशत पर फसल ऋण उपलब्ध कराने का निर्णय आज कैबिनेट में लिया गया है।

## सिंहस्थ–2028 के आयोजन के लिए कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना के लिये 919 करोड़ 94 लाख रूपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि–परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि–परिषद द्वारा अनुबंधित एजेंसी से सिंहस्थ–2028 के आयोजन के लिए समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने की महती आवश्यकता के दृष्टिगत प्रो–रेटा आधार पर ष्कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजनाष लागत राशि 919 करोड़ 94लाख रूपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

उल्लेखनीय है कि उज्जैन जिले की कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति रुपये 598 करोड़ 66 लाख की प्रदान की गई थी। परियोजना अंतर्गत कान्ह नदी के दूषित जल को 16.70 किलोमीटर की भूमिगत क्लोज डक्ट से उज्जैन शहर की सीमा के बाहर कालियादेह के पास क्षिप्रा नदी में प्रवाह किया जाना प्रस्तावित था। कार्य के लिए मेसर्स वेंसर उज्जैन प्रोजेक्ट के साथ राशि रू. 479 करोड़ 89 लाख का 15 मार्च 2024 को अनुबंध निष्पादित किया गया। कार्य सितम्बर 2027 तक पूर्ण किया जाना है।

दूषित जल को पवित्र क्षिप्रा नदी में मिलने से रोकने के लिए क्लोज डक्ट के एलाईमेंट का परिवर्तन किया गया। परिवर्तन के बाद 18.5 किलोमीटर कट/कवर एवं 12 किलोमीटर टनल प्रस्तावित किये जाने से राशि रू. 321 करोड़ 28 लाख की वृद्धि होकर वर्तमान लागत 919 करोड़ 94 लाख हो रही है।

## समर्थन मूल्य पर सोयाबीन उपार्जन की स्वीकृति

मंत्रि–परिषद द्वारा खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024–25) में केन्द्र सरकार के प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत सोयाबीन का पंजीकृत कृषकों से उपार्जन, राज्य उपार्जन एजेंसी म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित द्वारा किए जाने का निर्णय लिया गया।

कृषकों का 25 सितम्बर से 20 अक्टूबर तक पंजीयन होगा एवं खरीदी (उपार्जन) 25 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक की जायेगी। सोयाबीन उपार्जन के लिये 1400 केंद्र बनाये जायेंगे, जिनमें यथा संशोधन भी किया जा सकेगा। प्रदेश में किसानों से 13.68 लाख मेट्रिक टन सोयाबीन न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विटंल 4892 रूपये की दर से उपार्जन किया जाएगा। निर्धारित मात्रा से अधिक उपार्जन होने पर राज्य सरकार अपने स्तर पर सोयाबीन की खरीदी करेगी।

## नीमच जिला अंतर्गत भाटखेड़ा से डुंगलावदा तक 4–लेन सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण की स्वीकृति

मंत्रि–परिषद द्वारा नीमच जिला अंतर्गत भाटखेड़ा से डुंगलावदा तक 4–लेन सीमेंट कांक्रीट सड़क लंबाई 16 कि.मी. के निर्माण के लिए 133 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी।

विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष के भत्तों पर देय आयकर सरकार द्वारा भरने का प्रावधान है। विधानसभा अध्यक्ष ने 1 जुलाई को सदन में घोषणा की थी कि वे अपना आयकर स्वयं भरेंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष (वेतन तथा भत्ता) अधिनियम में संशोधन करने संबंधी विधेयक पर मंत्रि–परिषद् ने अनुमोदन प्रदान किया है, जिसे विधानसभा के आगामी सत्र में प्रस्तुत किया जायेगा।

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष के भत्तों पर देय आयकर सरकार द्वारा भरने का प्रावधान है। नेता प्रतिपक्ष ने 1 जुलाई को सदन में घोषणा की थी कि वे अपना आयकर स्वयं भरेंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष (वेतन तथा भत्ता) अधिनियम में संशोधन करने संबंधी विधेयक पर मंत्रि–परिषद् ने अनुमोदन प्रदान किया। जिसे विधानसभा के आगामी सत्र में प्रस्तुत किया जायेगा।

## टेस्टिंग के दौरान हादसा,निर्माणाधीन होटल की गैस पाइप लाइन में ब्लास्ट, युवती की मौत

जबलपुर के तिलवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आईटीसी ग्रुप की निर्माणाधीन होटल वेलकम में टेस्टिंग के दौरान गैस पाइप लाइन में ब्लास्ट हो गया। शनिवार की शाम 4 30 बजे हुए हादसे में एक युवती जाग्रति भवसेर की मौत हो गई और 8 लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को मेडिकल अस्पताल भेजा गया।

गैस पाइपलाइन में ब्लास्ट किन कारणों से हुआ इसकी जांच की जा रही है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मृतक के परिजन को चार लाख एवं घायलों को 50–50 हजार की सहायता राशि जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को ऐसे हादसे रोकने और जांच के निर्देश दिए हैं। पुलिस के मुताबिक दूसरी मंजिल पर बने किचन में गैस पाइपलाइन की टेस्टिंग करने बाहर से टीम आई थी।

इंजीनियर अनिल सिंह की मौजूदगी में अन्य स्टाफ और मजदूर उस समय वहीं मौजूद थे। किसी लापरवाही के चलते ब्लास्ट होने की आशंका है। हादसे की भयवाहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि किचिन का एक हिस्सा पूरी तरह से नीचे गिर गया। बम स्क्वॉड के दस्ते ने ब्लास्ट वाली जगह को सील कर जांच शुरू कर दी।

## कर्मचारी पर गिरा बोफोर्स तोप का दो टन वजनी पार्ट, जबलपुर में आर्मी की वर्कशॉप में हादसा; साथियों ने वर्क लोड को बताया वजह

जबलपुर की 506 बेस वर्कशॉप में बोफोर्स तोप का क्रेडिल गिरने से कर्मचारी की मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह 11 बजे की है। घायल हालत में कर्मचारी को शहर के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। यहां दोपहर 3.30 बजे उनकी मौत हो गई। क्रेडिल का वजन करीब 2 टन होता है। वर्कशॉप में सेना की गनों – तोपों की रिपेयरिंग की जाती है। ऐश्वर्य कुमार सिन्हा (46) और उनके साथी रमेश स्वामी आज बोफोर्स तोप के नीचे काम कर रहे थे। रमेश के मुताबिक, श्हम क्रेडिल पार्ट खोल रहे थे, तभी यह एकदम से नीचे आ गया। ऐश्वर्य नीचे काम कर रहा था। वह इसकी चपेट में आ गया। रमेश का कहना है कि इस काम के लिए क्रेन यूज होती है, लेकिन क्रेन दूसरी जगह शिफ्ट कर दी गई थी। काम के प्रेशर में हादसा हुआ है।

## नवीन विधायक विश्राम गृह निर्माण के लिए 159 करोड़ 13 लाख रूपये की स्वीकृति

मंत्रि–परिषद द्वारा नवीन विधायक विश्राम गृह निर्माण के लिए 159 करोड़ 13 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। उल्लेखनीय है कि वर्तमान विधायक विश्राम गृह का निर्माण वर्ष 1958 में किया गया था। वर्तमान विश्राम गृह के पुराने पारिवारिक खण्ड क्रमांक–1 एवं शापिंग सेंटर के स्थान पर 102 आवास 5 ब्लाकों से निर्मित किये जाना है। प्रत्येक आवास का प्लिंथ एरिया 2615 वर्ग फीट होगा।

## महिलाओं से सीएम यादव का आह्वान , राजनीति में आएं,भविष्य में 33: सांसद–विधायक महिलाएं बनेंगी

गोंडवाना राज्य की रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती को राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया। दुर्गावती के राज्य की पहली राजधानी रहे दमोह जिले के सिंग्रामपुर में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जनसभा करते हुए कहा कि 5 अक्टूबर का दिन शौर्य और बलिदान को याद करने का दिन हैं। । उनके जीवित रहते मुगल, पठान, सुल्तान जैसे आक्रांता गोंडवाना की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सके। मुख्यमंत्री ने किसानों से अपील की अपनी खेती की जमीनें मत बेचना। केन बेतवा लिंक नहर के बाद ये बुंदेलखंड खेती में पंजाब को मात देगा।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में पानी भले ही कम है लेकिन लोग पानीदार हैं, इनकी तलवारें मुगल, पठान, सुल्तान और अंग्रेज के किसी आगे नहीं झुकी। रानी दुर्गावती, रानी अवंती बाई, झांसी की रानी ये सभी बुंदेलखंड की धरती पर हुईं। भविष्य में 33: सांसद, विधायक, से लेकर पंच सरपंच, भी महिलाएं ही बनेगी। इसलिए बहनों से आग्रह है कि वे राजनीति में आने की तैयारी करें। शस्त्र और शास्त्र दोनों साथ रखकर चलें। तभी समाज का पौरुष जगेगा।

लाड़ली बहनों के खाते में 1574 करोड़ डाले

सीएम ने सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1574 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। 55 लाख हितग्राहियों के खातों में 332.71 करोड़ की सामाजिक सुरक्षा पेंशन और पीएम उज्जवला धारकों के खाते में 28 करोड़ की राशि ट्रांसफर की।

## इंदौर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी– सिक्योरिटी इंचार्ज को भेजा ई–मेल, सुरक्षा बढ़ाई;

### महाकाल मंदिर को भी उड़ाने की धमकी मिल चुकी

इंदौर के देवी अहिल्या बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद एयरपोर्ट सहित पूरे इलाके में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। आने–जाने वाली फ्लाइट्स में सुरक्षा एजेंसियां लगातार जांच कर रही हैं। हालांकि ई–मेल भेजने वाले के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है।

शुक्रवार को एयरपोर्ट के सिक्योरिटी इंचार्ज की ऑफिशियल आईडी पर आए ई–मेल में एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके बाद सिक्योरिटी इंचार्ज ने तत्काल एरोड्रम थाना पुलिस से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। एरोड्रम पुलिस ने देर शाम मेल भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर सुरक्षा और अन्य एजेंसियों को इस बारे में अलर्ट कर दिया है।

मामला शुक्रवार सुबह का है, लेकिन एयरपोर्ट की सुरक्षा से जुड़ा मामला होने की वजह से प्रबंधन ने खबर को सार्वजनिक नहीं किया था।

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in



पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

## ईरान ने इजराइल पर 108 से ज्यादा मिसाईल दागी , नेतन्याहु बोले ईरान को इसकी कीमत चुकानी पडेगी

*अमेरिका की चेतावनी के बाद भी ईरान ने दागी मिसाईले।*



ईरान ने इजराइल पर 180 से ज्यादा मिसाइल दागीं– बोला– नसरल्लाह की शहादत का पहला बदला, नेतन्याहू बोले– ईरान को इसकी कीमत चुकानी होगी अमेरिकी की चेतावनी के बाद भी ईरान ने पूरे इजराइल पर मंगलवार रात 10 बजे 180 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हालांकि, इसमें अब तक बड़े नुकसान की खबर नहीं है। तेल अवीव में 2 नागरिक घायल हुए हैं। ये हमले पूरे इजराइल पर 30 मिनट तक किए गए। इस दौरान नागरिकों को बम शेल्टर में जाने को कहा गया। हमले के बाद ईरान ने कहा कि नसरल्लाह की शहादत का यह पहला बदला है। यह तो अभी शुरुआत है। दरअसल, 27 सितंबर को इजराइल ने बेरूत में हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर हमला किया था। इसमें हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह मारा गया था।

इजराइली सेना के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा कि इस हमले का नतीजा भुगतना होगा। हमारे पास प्लान है और हम अपनी मर्जी के मुताबिक समय और स्थान तय करके कार्रवाई करेंगे। उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अमेरिका सेना को इजराइल की मदद करने को कहा। अमेरिका ने शाम 7 बजे ईरान के हमले का दावा किया था। अमेरिका ने ईरान से कहा था कि अगर हमला किया तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। उधर, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा ईरान ने आज रात एक बड़ी गलती की और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। हमले के बीच बाइडेन ने इमरजेंसी बैठक की व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ बैठक की। इस बैठक में ईरान के इजराइल पर हमले की चर्चा की गई।

## ईरान के एटमी ठिकानो पर हमला करे इलजराइल अमेरीका पुर्व राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रम्प

*जो बाईडेन ने कहा कि अभी तक यह तय नही कि वहा ईरान पर हमाल करेगा या नही*



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि इजराइल को ईरान के मिसाइल हमले के जवाब में उसके एटमी ठिकाने पर हमला करना चाहिए। न्यूज एजेंसीके मुताबिक ट्रम्प ने शुक्रवार को नॉर्थ कैरोलिना में एक चुनावी कैंपेन में ये बात कही। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेनने कहा था कि अगर इजराइल, ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमला करता है तो अमेरिका इसमें उसका साथ नहीं देगा। ट्रम्प ने बाइडेन के इस बयान की आलोचना की।ट्रम्प ने कहा– मुझे लगता है कि बाइडेन गलत हैं। परमाणु हथियार हमारे लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। उनके पास जल्द ही परमाणु हथियार होंगे जो हमारे लिए दिक्कतें पैदा करेंगी। जब उनसे ये सवाल पूछा गया तो उनका जवाब होना चाहिए था कि पहले वहां बम गिराओ और बाकी चीजों की चिंता बाद में करो। बाइडेन बोले– इजराइल, ईरान के तेल ठिकाने पर हमला न करे

टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक बाइडेन ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह ईरान के हमले का जवाब कैसे देगा। उन्होंने इजराइल को ईरान के तेल भंडारों पर हमला न करने की सलाह दी है। बाइडेन ने पत्रकारों से कहा कि कि अगर वे नेतन्याहू की जगह होते तो दूसरे विकल्पों के बारे में सोचते। उन्होंने ये भी कहा कि इजराइल–ईरान के बीच जंग नहीं होने वाली है। वे मिडिल ईस्ट में जंग रोकने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं।

## लेबनान में दो किलोमीटर तक घुसे इजराइली सैनिक तीन टैंक तबाह l

*८ सैनिक की मौत १८ घायल , लैबनान ने ३ टैंक तबाह किए।*



लेबनान के दक्षिणी इलाके में इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी जमीनी लड़ाई में बुधवार (2 अक्टूबर) को इजराइली सेना 2 किमी अंदर मरून अल–रस गांव पहुंच गई है। के मुताबिक, यहां इजराइली सैनिकों की हिजबुल्लाह के लड़ाकों से मुठभेड़ भी हुई। आमने–सामने की इस लड़ाई में अब तक इजराइल के 8 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हुए हैं। हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने इजराइल के 3 टैंक भी तबाह कर दिए हैं। इजराइल लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास, ईरान और यमन में हूतियों से लड़ाई लड़ रहा है। मंगलवार रात ईरान ने इजराइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइल दागी हालांकि, इजराइल के मुताबिक, ईरान ने उस पर 180 मिसाइलों से हमला किया था।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान जाएंगे ,सुषमा स्वराज के बाद भारतीय नैता का पहला दौरा

*पीएम मोदी २०१९ मे अखरी बार पाकिस्तन गये थे।*

विदेश मंत्री एस जयशंकर 15–16 अक्टूबर को पाकिस्तान जाएंगे। वे इस्लामाबाद में के हेड्स ऑफ गवर्नमेंट की बैठक में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार (4 अक्टूबर) को इसकी जानकारी दी। यह पिछले 9 साल में पहली बार होगा जब भारत का कोई मंत्री पाकिस्तान जाएगा। विदेश मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस में जायसवाल से सवाल किया गया कि क्या जयशंकर की यात्रा भारत–पाकिस्तान के रिश्तों को सुधारने की कोशिश है। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि भारत चार्टर



को लेकर प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्री की यात्रा का यही कारण है। इसका कोई और मतलब नहीं निकाले जाए

## पाकिस्तान का फरमान करतापुर साहिब की यात्रा वाले हिंदु भारतीय रूपया नही अमेरीकी डॉलर लाए।

*भारतियो के साथ धोखाधडी के कारण डॉलर लाने का कहा*



दरअसल भारतीयों को इंडियन करेंसी नोट के बदले तय कीमत से कम कीमत के पाकिस्तानी करेंसी नोट दिए जा रहे थे। पाकिस्तान की पंजाब सरकार में मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने बताया कि, भारतीय सिखों को उनके पैसों के बदले, तय कीमत से कम के करेंसी नोट मिलने की शिकायतें सामने आई हैं। शिकायतों के चलते ये फैसला लिया गया है। उन्होंने ये भी कहा कि भारतीय सिखों को यहां की सुविधाओं के लिए अतिरिक्त कीमत चुकाने की जरूरत नहीं है। इस साल 14 नवंबर को सिखों के पहले गुरु, गुरु नानक देवजी की 555वीं जन्म जयंती के अवसर पर हजारों सिख श्रद्धालु पाकिस्तान में स्थित करतारपुर साहिब जा सकते हैं। पिछले साल लगभग 3 हजार सिख श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर करतारपुर साहिब का दौरा किया था।

## मोदी ने की इजराईली पीएम से बात , भारत शांति ओर स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध

*दुनिया में आतंक के लिए कोई जगह नहीं*



पीएम मोदी ने खुद सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। दोनों नेताओं की 45 दिनों में दूसरी बार बातचीत बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। क्षेत्रीय तनाव को रोकना और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। भारत शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।ये बातचीत ऐसे समय में हुई है जब हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। लेबनान में इजराइली हमलों में अब तक 800 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

दोनों नेताओं के बीच पिछले 45 दिनों में फोन पर ये दूसरी बातचीत है। इससे पहले 16 अगस्त को दोनों नेताओं के बीच फोन पर बात हुई थी। उस समय भी पीएम मोदी ने इजराइली प्रधानमंत्री को बातचीत और डिप्लोमेसी के जरिए हमास से युद्ध खत्म करने को कहा था। साथ ही सभी बंधकों की तत्काल रिहाई, युद्ध विराम पर भी जोर दिया था।

## अमेरीका की सीरिया के दो ठिकानो पर एयरस्ट्राइक अलकायदा ओर आईएसआईएस के आंतकी व अलकायदा का टॉप लीडर भी मारा गया।

*हुर्रस अल-दीन का एक टॉप कमांडर 'अब्द-अल-रऊफ' मारा गया है।*



अमेरिका ने सीरिया में आईएसआईएस और अलकायदा से जुड़े आतंकी ग्रुप्स के ठिकानों पर हमला किया। इसमें 37 आतंकी मारे गए हैं। अमेरिकी सेना ने रविवार को कहा कि उन्होंने सीरिया में दो अलग–अलग दिन ऑपरेशन को अंजाम दिया। युएस सेंट्रल कमांड के मुताबिक 16 सितंबर को मध्य सीरिया में आईएसआईएस के ट्रेनिंग सेंटर पर एयरस्ट्राइक की गई थी। इसमें 28 आतंकी मारे गए। इसके बाद अमेरिकी सेना ने 24 सितंबर को उत्तरी पश्चिमी सीरिया में हमला किया जिसमें अलकायदा ग्रुप के 9 आतंकी मारे गए। अमेरिकी सेना के मुताबिक हमले में अलकायदा संगठन से जुड़ा हुर्रस अल–दीन का एक टॉप कमांडर 'अब्द–अल–रऊफ' मारा गया है। वह सीरिया में मिलिट्री ऑपरेशन्स की देखरेख करता था।

खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक वेबसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा